पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई दी

लखनऊः 04 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 05 सितंबर को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत में मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस की सभी शिक्षकों को बधाई दी।

इस अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने भारत में गुरु–शिष्य परंपरा को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अध्यापक का मार्गदर्शन बहुत जरूरी है।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361